
हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 19 अक्टूबर 2025

04 अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



07 11 थानों की पुलिस की संयुक्त कार्रवाई ...







## खबर संक्षेप

### विद्युत प्रदाय रहा बंद

**गंजबासौदा।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा राजेन्द्र नगर फीडर पर शनिवार को मेंटेनेंस कार्य होने के चलते सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक विद्युत प्रदाय बंद रहा। जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। यहां उल्लेखनीय है कि विद्युत कंपनी द्वारा हर सप्ताह मेंटेनेंस किया जा रहा है, इसके बावजूद प्रतिदिन ही नगर में अघोषित कटौती की जा रही है। अब नागरिकों की समझ नहीं आ रहा है कि मेंटेनेंस किसका हो रहा है।

### सर्पदंश से बच्ची की मौत



**गंजबासौदा।** ग्राम नंदपुरा मड़िया में सांप के डसने से 11 माह की बालिका की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालिका अपने माता पिता के बीच में सो रही थी। तभी रात्रि 2 बजे सांप ने डस लिया। रात्रि 2 बजकर 50 मिनिट पर बालिका के पिता डालचंद कुशवाह उपचार के लिए शासकीय जनचिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत बालिका को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद भी परिजनों को संतुष्टि नहीं हुई तो वह झाड़ फूंक के लिए सीहोद गांव ले गए लेकिन वहां भी उसको मृत घोषित कर दिया और परिजन उसको घर वापिस ले आए। घटना की सूचना सुबह सर्प मित्र शिवम शर्मा को दी गई।

### दिन में गर्मी और रात ठंड

**गंजबासौदा।** इन दिनों दिन के समय गर्मी से लोग परेशान हैं। दिन में तेज गर्मी और रात्रि के समय मौसम में ठण्डक देखी जा रही है। रात्रि के समय लोगों को हल्की सर्दी का अहसास होने लगा है।

### बरेठ रोड पर लगा जाम

**गंजबासौदा।** शनिवार को शाम के समय बरेठ रोड पर वाहनों के फस जाने से देर तक जाम लगा रहा। दीपावली के त्यौहार के चलते नगर में खरीददारी के लिए लोग अपने दो पहिया, चार पहिया वाहनों से बाजार जा रहे हैं। इस दौरान वह अपने वाहनों को सड़क किनारे अव्यवस्थित ढंग से खड़े कर खरीददारी करने चले जाते हैं। जिससे आवागमन के दौरान यातायात प्रभावित हो रहा है। वाहनों के सड़क पर खड़े होने से मार्ग संकरा हो जाने के कारण यातायात अवरूद्ध हो रहा है।

### धारिणी का सहायक प्राध्यापक पर चयन

**सागर।** कु. धारिणी ज्योतिषी का मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा अर्थशास्त्र विषय में सहायक प्राध्यापक पद पर चयन हुआ है। ज्ञात हो कि कु धारिणी स्वाधीनता संग्राम सेनानी, पूर्व सांसद, विधायक एवं साहित्यकार पं ज्वाला प्रसाद ज्योतिषी के पौत्र आदर्श ज्योतिषी एवं डाँ सुनीता ज्योतिषी की पुत्री है एवं डाँ चित्तरंजन ज्योतिषी की नातिन है।

# अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




शनिवार को अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ ने राज्यपाल के नाम एसडीएम संतोष बिटौलिया को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्यमंत्री की ओर से कैबिनेट मीटिंग में व्यापारियों पर दिए गए बयान का विरोध करते हुए इस बयान को अपमानजनक और भड़काऊ बताया। जिसका असर नीमच और खंडवा में किसानों और व्यापारियों के बीच विवाद के रूप में देखा गया। मुख्यमंत्री ने सोयाबीन भावांतर योजना पर कैबिनेट मीटिंग के दौरान व्यापारियों के प्रति आपत्तिजनक शब्दावली का इस्तेमाल किया था। व्यापारियों का कहना है कि वह हमेशा माल की गुणवत्ता और तात्कालिक बाजार परिस्थितियों के अनुसार ही व्यापार करते हैं। व्यापारी वर्ग सदैव शासन की नीतियों का पालन और समर्थन करता रहा है। इसके बावजूद, व्यापारी वर्ग के प्रति इस तरह का वक्तव्य अनुचित है। व्यापारियों ने सरकार से अपनी नीति स्पष्ट करने का आग्रह किया है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वह पूरे प्रदेश में नीलामी का बहिष्कार करने को बाध्य होंगे। इस अवसर पर अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ के अनेक व्यापारीगण मौजूद थे।

### दीपोत्सव के त्यौहार के चलते बाजार में देर रात तक दिख रही चहल पहल

# धनतेरस पर बाजार में कहीं चला अच्छा कारोबार ,तो कहीं रही मंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





नगर में दीवाली के पूर्व धनतेरस और छोटी दीवाली पर कारोबारियों को अच्छा कारोबार होने की उम्मीद थी, लेकिन इस बार धनतेरस शनिवार को पडने से कुछ कारोबार मंदे रहे जबकि कुछ कारोबार बहुत अच्छे चले। वहीं सजावटी एवं फुटकर सामान बेंचने वालों की दुकानों पर इस दिन भी खूब भीड रही और लोगों ने जमकर खरीदी की।

यहां उल्लेखनीय है कि दीवाली के त्यौहार को लेकर बाजार में पहले से ही तैयारियां शुरू हो गई थीं। इसके चलते जयस्तंभ चौक, नेहरू चौक, सुभाष चौक और मुख्य मार्गों के किनारे पर सजावटी सामान, रंगोली, आकर्षक दिए, पोस्टर आदि की दुकानें सज गई थीं। जिन पर गत दिवस से ही लोगों की भीड उमड रही है। वहीं शनिवार को धनतेरस पर विशेष खरीदी के लिए इलेक्ट्रॉनिक, ऑटोमोबाइल, सर्राफा सहित अन्य व्यापारियों ने भी विशेष तैयारियां की थीं, लेकिन धनतेरस शनिवार को पडने, सोने चांदी के दाम अत्याधिक होने और सोयाबीन की फसल की पैदावार प्रभावित होने से बाजार में गत वर्षों की तरह कारोबार में उठाव नहीं आ सका।

सर्राफा व्यापारी नरेन्द्र सोनी का कहना था कि धनतेरस पर गत वर्ष तक सोने, चांदी के आभूषण, सिक्कों की खूब खरीदी होती थी, लेकिन इस वर्ष सोने चांदी के आसमान छूते दामों के चलते कम कारोबार हुआ है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायी संजू मोटवानी का कहना है कि धनतेरस शनिवार को होने से अधिकांश लोगों ने इलेक्ट्रॉनिक सामग्री की खरीदी से परहेज किया, लेकिन जीएसटी कम होने के कारण इस बार मंदी नहीं रही और औसत कारोबार हो गया। इन सबके विपरीत ऑटोमोबाइल बाजार में इस वर्ष अच्छी धूम रही और कारोबारियों ने गत वर्ष की तरह ही इस बार भी अच्छा कारोबार किया।

ऑटोमोबाइल कारोबारी टोनी बडकुल और देवेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि इस बार जीएसटी के कारण दामों में कमी का असर बाजार पर दिखा और धनतेरस पर गत वर्ष की ही तरह वाहनों की अच्छी खरीदी हुई। इससे ऑटोमोबाइल बाजार में इस बार खूब रौनक रही। वहीं बर्तन कारोबारी स्वदेश गुप्ता का कहना था कि इस बार बर्तन बाजार ठीक रहा और कारोबार गतवर्ष की तरह ही हो गया।

उधर सजावटी सामान, रंगोली, आतिशबाजी, कपडे आदि के बाजार भी भीड भाड से भरे रहे। इन बाजार में सुबह से लेकर देर रात तक रौनक रही। मुख्य मार्गों पर भारी भीड़ के चलते दिन में कई बार जाम की स्थिति निर्मित होती रही। रामलीला मेला ग्राउण्ड में पटाखा बाजार लगा है। ग्राहकों एवं दुकानदारों ने बताया कि प्रतिवर्ष की अपेक्षा इस वर्ष प्रत्येक सामग्री के दामों में इजाफा हुआ है। जिससे लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। इस वर्ष बाजार के मिट्टी के दिए, रुई, घरों की सजावटी सामग्री आदि के दामों में भी बढ़ोत्तरी है। दीपावली के चलते जयस्तंभ चौक पर तहसील परिसर के गेट के पास बरेठ रोड सहित अन्य मुख्य मार्गों पर दुकानदारों ने रंगोली, मिट्टी के दिए, रंगोली बनाने वाले सांचों और प्रतिमाओं की दुकानें लगा रखी हैं। जहां पर लोग खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। नागरिकों में भी दिवाली को लेकर काफी उत्साह है वह अपने परिजनों के साथ बाजार जाकर अपने घरों के सजाने के लिए लाइटों आदि की खूब खरीदारी कर रहे हैं। मिट्टी के दियों की खरीदी को प्रोत्साहित करने के लिए नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने लोगों से भी मिट्टी के दिए खरीदने की अपील की। दीवाली के त्योहार को नागरिकों द्वारा बड़े ही उत्साह से मनाया जाता है और अपने घरों को सजाने के लिए नागरिकों और विशेषकर बच्चों में काफी उत्साह रहता है।

## आंगनबाड़ी केन्द्र पर दीवाली पर्व मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम बीलाढाना आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 2 पर शनिवार को बच्चों के साथ दीपावली का पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान आंगनवाड़ी केंद्र में आने वाले बच्चों को पटाखे और रंगोली वितरित की गई। यह आयोजन बच्चों को उत्साहपूर्वक दीपावली मनाने में मदद करने के उद्देश्य से किया गया था। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शिल्पी साहू ने बताया कि वे प्रतिवर्ष दीपावली उत्सव से पहले कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को पटाखे और रंगोली बांटती हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को सुरक्षित रूप से पटाखे चलाने के लिए जागरूक किया गया, साथ ही दीपावली पर्व के दौरान और हमेशा अपने आसपास साफ-सफाई रखने तथा स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। शिल्पी साहू ने बताया कि वे प्रतिदिन बच्चों के साथ समय बिताती हैं। इस अवसर पर आंगनवाड़ी सहायिका नीलम नामदेव सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## छात्रों ने बनाए सुंदर और आकर्षक दिये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सेंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में गत दिवस कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता हुई। छात्रों ने रंगोली और दीप सजाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। रंगोली में शिवाजी महाराज और सिंदूर अभियान को सुंदर तरीके से उकेरा गया। कलश, मोर, शिव-पार्वती, राम-सीता, श्रीफल और स्वास्तिक जैसे प्रतीकों को भी रंगोली में शामिल किया गया। दीप सजाओ प्रतियोगिता में छात्रों ने कबाड़ से आकर्षक दीपक बनाए। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता से सभी को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कार मिलेंगे। श्रेष्ठ दीपक सजाने वाले छात्रों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

## गार्ड को 66 हजार का चैक भेंट किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुल्हार में हरिराम कुशवाह और उनका पुत्र श्रीराम कुशवाह गार्ड के पद पर पदस्थ थे। बजट न होने के चलते गार्ड की सेवाएं समाप्त कर दी गई थीं। इस दौरान दोनों पिता, पुत्र को कई माह के वेतन का भुगतान भी नहीं किया गया था। वेतन भुगतान को लेकर पिता, पुत्र ने कलेक्टर, बीएमओ को अवगत कराया लेकिन इसके बावजूद दोनों को बजट के अभाव में वेतन का भुगतान नहीं हो सका। जिससे परेशान होकर श्रीराम ने सीएम हेल्पलाइन पर अपनी शिकायत दर्ज कराई जिसमें वेतन भुगतान न होने की बात की गई। सीएम हेल्पलाइन पर गार्ड द्वारा शिकायत किए जाने की जानकारी मिलने पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा बीएमओ को वेतन भुगतान के लिए निर्देशित किया। जिसके बाद शासकीय जनचिकित्सालय के बीएमओ प्रमेन्द्र तिवारी द्वारा पिता, पुत्र को 66 हजार रुपए का चेक रोगी कल्याण समिति मद से बनाकर भेंट किया गया। इस दौरान आरएस पहाडिया, अशोक पंथी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।



## क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल में दीपावली का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

**रहली।** क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल पटना बुजुर्ग में दीपावली का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा एकत्रित की गई धनराशि एवं अन्य वस्तुएं जैसे कंबल, राशन सामग्री बर्तन एवं दीपावली पूजन में उपयोग होने वाली सामग्री आसपास के लगभग 80 जरूरतमंद लोगों को वितरित की गई । इसके साथ ही दो लोगों को उनका व्यवसाय शुरू करने के लिए 10000 की राशि वितरित की गई। अतिथि विवेक शुक्ला ने सभी बताया कि उनके द्वारा सीताराम रसोई का संचालन किया जाता है जो कि कोरोना जैसी महामारी में शुरू की गई थी जब लोग घरों से बाहर नहीं निकलते थे और ऐसे लोग जिनका न घर न कोई ठिकाना था । उनके लिए दो वक्त का भोजन मिलना मुश्किल था, तब मैने आगे आकर उनके भोजन की व्यवस्था अपने घर से बनाई फिर धीरे धीरे लोगों का सहयोग मिलता गया और आज लगभग 60–70 लोग प्रतिदिन सीताराम रसोई में भोजन करते है। साथ ही उन्होंने कहा कि छात्रों द्वारा जो राशन सामग्री की किट जरूरत मंद लोगों को दी गई है वह वास्तव में अनुकरणीय है। शिवशंकर रैकवार ने सभी बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां के छात्रों का अनुशासन और उनकी समाज सेवा की भावना अदभुद है।

# भाजपा पार्टी में हर कार्यकर्ता को मिलता है मान-सम्मानः गोविंद सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



सुरखी विधानसभा क्षेत्र के राहतगढ़, शिकारपुर, गाजीखेड़ा, गुमरिया ग्राम के कांग्रेसियों ने अपने साथियों के साथ मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के समक्ष भाजपा की सदस्यता लेते हुए क्षेत्र के विकास में कदम से कदम मिलाकर साथ चलने का संकल्प लिया। मंत्री राजपूत ने सभी कांग्रेसियों को भाजपा का गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री श्री राजपूत ने सभी लोगों को पार्टी में शामिल होने की शुभकामनायें देते हुए कहा कि भाजपा विकास करने वाली पार्टी है जिसने हर वर्ग को ध्यान में रखकर योजनायें बनायीं और हर वर्ग को लाभ पहुंचाया। सुरखी विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में विकास कार्य चल रहे हैं। सबसे कम समय में सबसे अधिक विकास कार्य सुरखी विधानसभा क्षेत्र में हुए हैं। आप सभी लोगों का साथ मिलने से इन विकास कार्यों में और गति आयेगी। पार्टी की सदस्यता लेने वालों ने संकल्प लिया कि क्षेत्र के विकास में वह मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे ताकि क्षेत्र के विकास में अपना योगदान दें सकें।

सदस्यता लेने वाले उप सरपंच अजीत यादव शिकारपुर ने कहा कि राहतगढ़, शिकारपुर, गाजीखेड़ा, गुमरिया के हमारे सभी साथियों ने भाजपा की रीति नीति एवं मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ली है। हम सबका संकल्प है कि हम हमेशा मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास में अपना योगदान देंगे।

भाजपा की सदस्यता लेने वालों में मुख्य रूप से नरेश यादव, मुनीम यादव, राजाराम यादव, वकील यादव, बिट्ठल सिंह यादव, दिनेश यादव, अमित यादव, राहुल यादव, गौतम यादव, सोनू यादव, सीताराम यादव, सुरेश यादव, हेमराज यादव, अनिल यादव सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे। मंडल अध्यक्ष प्रियंक तिवारी ने सभी लोगों का पार्टी में स्वागत किया।



## गुणवत्ता और विश्वसनीयता ब्रांडिंग का मूलमंत्र, खुरई की कृषि उपकरण इंडस्ट्री इसके लिए प्रसिद्धः भूपेन्द्र

**सागर।** किसी भी व्यवसाय में ब्रांड की सफलता उसकी गुणवत्ता और विश्वसनीय से तय होती है। इसमें समय लगता है लेकिन बड़ा दीर्घकालिक लाभ सुनिश्चित हो जाता है। "एक जिला एक उत्पाद" में चयनित खुरई की कृषि उपकरण इंडस्ट्री ने इन्हीं विशेषताओं के कारण देश और प्रदेश के कृषि जगत में अपना स्थान बनाया है। यह स्वदेशी उत्पादों की सफलता का बड़ा उदाहरण है। यह बात पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने यहां धनतेरस पर एक पेट्रोलियम प्रतिष्ठान के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि खुरई के कृषि उपकरणों को मिलने वाली प्राथमिकता बताती है कि यहां की तकनीक बेहतर है। पिछले आठ सालों में खुरई में फाउंड्री की संख्या 75 हो गई। पेट्रोल पंप दो से बढ़ कर 12 हो गये। सुविधाएं और बढ़ेंगी तो और बेहतर परिणाम सामने आ सकते हैं। आयरन का डिपो हो, बड़ी कटर मशीनें हों तो छोटी छोटी इंडस्ट्रीज और लग सकती हैं और खुरई कृषि उपकरणों के क्षेत्र में देश का हब बन सकता है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास से सभी क्षेत्रों का विकास होता है। यहां इसकी संभावनाएं हैं। खुरई में भूमि की उपलब्धता, बीना नदी परियोजना से पानी की सुलभता, बीना रिफाइनरी में पेट्रोकेमिकल कांप्लेक्स, एग्रो उत्पादों की बहुलता, बीना में रेलवे गुड्स ट्रेक, सभी ओवरब्रिजों और सड़कों का निर्माण यहां है। खुरई में भी गुड्स ट्रेक बनेगा। निर्तला में दस एकड़ भूमि को औद्योगिक इकाइयों के लिए आरक्षित किया गया है जिसमें इकाइयों के लिए 35 प्लाट निकाले गए हैं। कर्मपुरा में भी इंडस्ट्रियल एरिया बन रहा है। बीना-सागर रोड को औद्योगिक कारीडोर के रूप में घोषित किया गया है। यहां उपलब्ध शासकीय भूमि को औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए चुना जा सकता है। उन्होंने खुरई के उद्योगपति परिवारों से कहा कि खुरई में फुड बैस्ड इंडस्ट्रीज अभी लगाई जा सकती हैं। फ्लोर मिल, दाल मिल के बड़े प्रोजेक्ट यहां शुरू किए जा सकते हैं। सागर में भी 1000 करोड़ की फुड प्रोसेसिंग यूनिट लग रही है। उन्होंने बताया कि खुरई में कृषि महाविद्यालय खोला गया है और मैंने अपनी 15 करोड़ विकास निधि कृषि महाविद्यालय का भवन बनाने के लिए दी है जिससे काम शुरू हो गया है।

### रहवासियों से चर्चा कर आवासों के आधिपत्य संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई

# आवास बेचने वाले 22 व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देश अनुसार बाघराज वार्ड स्थित छत्रसाल नगर कॉलोनी में आवासों की जांच के दौरान मिले आवास बेचने वाले 22 व्यक्तियों के विरुद्ध मोतीनगर थाना में एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं। मोतीनगर थाना में राजीव आवास योजना अंतर्गत छत्रसाल आवासीय कॉलोनी बाघराज वार्ड में आवंटित आवासों का विक्रय एवं आवासों पर अनाधिकृत कब्जा करने वाले व्यक्तियों में ज्योति/ सीताराम नामदेव, शांति/शिवप्रसाद साहू, देवशंकर/ बाबूलाल सोनी, ग्याप्रसाद/कुंजविहारी तिवारी, ताराचंद/देवीलाल गुप्ता, राजेन्द्र परमानंद ठाकुर, मो. सलीम रईन/मो. बजीर, हरिशंकर/बाबूलाल नामदेव, मालती कोरी मौसम कोरी, राजेश निर्भय अहिरवार, प्रीति मनोज रजक,अनिल एच.एन.सारस्वत, संतोष बाबूलाल चौरसिया, अशोक रामचरण सोनी, पंचम अल्ले अहिरवार, मेहरूनिशा अब्दुल रईस, हरिदास नर्मदा प्रसाद, अजीम बहना/ मजीद बहना। अनाधिकृत कब्जा गायत्री शंकर दुबे, दिनेश बल्देव अग्रवाल, अयूब नफीस खान, रेशमा इल्यास अनाधिकृत कब्जा के विरुद्ध मोतीनगर थाना में एफआईआर दर्ज कराने पत्र भेजा है।उल्लेखनीय है कि नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा गरीब परिवारों को पक्का आवास देने के लिए बनाए गये आवासों में अवैध रूप से कब्जा करने, 20 हजार रुपए जमा कर आवासों पर कब्जा करने एवं आवंटित आवास को किराए पर देने व आवासों को अनाधिकृत रूप से विकय करने की निगम के अधिकारियों के साथ रहवासियों से चर्चा कर आवासों के आधिपत्य संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई थी। जिसमें 102 अपात्र, 209 पात्र व्यक्ति एवं 49 निगम आधिपत्य वाले आवास मिले हैं।



निगमायुक्त ने कहा कि शासन द्वारा गरीब परिवारों को स्वयं का पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए बाघराज वार्ड में छत्रसाल नगर कालोनी में आवास आवंटन किए थे ,जिसमें अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा ताला तोड़कर एवं केवल 20 हजार रुपए जमाकर कब्जा करने वाले आवासों को निगम का ताला लगाकर आधिपत्य में लिया जा रहा है तथा ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध जांच उपरांत विधि अनुसार पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिन व्यक्तियों ने आवास लेकर किराए पर दे दिये हैं तथा गलत तरीके से आवासों को बेच दिया है, ऐसे आवासों के आवंटन को निरस्त करते हुए उनके द्वारा जमा की गई राशि राजसात कर किराए की राशि की वसूली भी की जाएगी । निगमायुक्त ने कहा कि शीघ्र ही नगर निगम द्वारा शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें संबंधित पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को राशि जमा करने पर आवास का आवंटन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय टीम में खेलेगी वात्सल्य की छात्रा

**विदिशा।** संभाग स्तरीय वास्केट बाल प्रतियोगिता 16 अक्टूबर को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय में नर्मदापुरम में हुई।



जिसमें अच्छा प्रदर्शन करते हुए वात्सल्य महाविद्यालय की छात्रा स्नेहा बघेल ने राज्यस्तरीय टीम में अपना स्थान पक्का कर लिया। छात्रा के इस प्रदर्शन पर संस्था की डायरेक्टर देवना अरोरा सहित समस्त स्टाफ ने शुभकामनाएं देते हुए स्नेहा बघेल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### समीक्षा बैठक 29 को

**विदिशा।** भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह 29 अक्टूबर को शाम 4 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक लेंगे। जिलों को 24 अक्टूबर तक एजेंडा बिंदुओं की जानकारी तैयार कर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक से संबंधित कार्यवाहियां, कृषि कार्य, भावांतर योजना, अभिलेखागार उन्नयन, लंबित प्रकरण, सीएम हेल्पलाइन, भूमि एवं वन सीमा विवाद, वक्फ संपत्ति सत्यापन विषयों की समीक्षा की जाएगी।

### राहुल राज मीडिया विभाग के प्रभारी बने

**विदिशा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक द्वारा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता



राहुल राज को विदिशा जिले का मीडिया विभाग प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन में की गई है। राहुल राज लगातार प्रदेशभर में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। विदिशा जिले में उन्हें प्रभारी बनाए जाने से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में मिलकर कांग्रेस पार्टी के संगठन को और मजबूत करेंगे तथा भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों को जनता के समक्ष उजागर करेंगे।

### डेंगू नियंत्रणः एंबेड सर्वे टीम का रीजनल प्रशिक्षण

**विदिशा।** डेंगू संक्रमण की रोकथाम हेतु एंबेड एनजीओ द्वारा भोपाल में तीन दिवसीय रीजनल प्रशिक्षण एवं रिव्यू बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. हिमांशु जायसवार और सीएमएचओ द्वारा किया गया। विशेषज्ञों ने सर्वे कार्यों के प्रभावी संचालन पर मार्गदर्शन दिया। विदिशा, नीमच, इंदौर और भोपाल के युवाओं ने भाग लेकर अनुभव साझा किए। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. टीआर शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सर्वे टीमों को नई कार्यपद्धतियों से अवगत कराना और प्रभावशीलता बढ़ाना है।

### एसडीएम ने गोशाला का निरीक्षण किया

**विदिशा।** सिरोंज एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा ने ग्राम जैतपुर स्थित नंदनी गोशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में तहसीलदार एवं पशुपालन विभाग के डॉक्टर भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने भूसा स्टोर, दाना भंडारण, दीपक निर्माण, सीसीटीवी व्यवस्था एवं नए टीन शेड जैसी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने गोशाला प्रबंधन द्वारा पशुओं की देखभाल, स्वच्छता एवं अनुशासन के कार्यों की सराहना की तथा पशु कल्याण के लिए निरंतर कार्य करने प्रोत्साहित किया।

### राजकुमार डिडोत की माता का निधन

**विदिशा।** एडवोकेट बाबूलाल डिडोत, राधेश्याम, शंकरलाल, राजकुमार डिडोत की माताजी का



शनिवार को निधन हो गया। वह भोपाल के एक हास्पिटल में भर्ती थीं। बेतवा तट स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वहीं उनके भाई घनश्याम डिडोत का शनिवार को इंदौर में निधन हुआ। दोनों मां बेटे का बेतवा तट पर एक साथ अंतिम संस्कार हुआ।

## धनतेरस पर...धन वर्षा



**विदिशा।** धनतेरस पर बाजार में हर बार की तरह इस बार भी पैर रखने तक की जगह नहीं मिली। बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक सहित सराफा और ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में करोड़ों रुपए का व्यापार हुआ। सुबह से लेकर देर रात तक बाजार में रौनक रही। रात 12 बजे तक दुकानें खुली रहीं।

## एसपी ने की खरीदी, कलेक्टर ने की पूजा





**विदिशा।** धनतेरस के अवसर पर कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता ने जिला सहकारी बैंक पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस दौरान बैंक के अधिकारी सहित कर्मचारी मौजूद रहे। पूजा अर्चना के बाद उन्होंने सभी कर्मचारियों को दीपवली की बधाई दी। इधर एसपी रोहित काशवानी ने धनतेरस के दिन बाजार में अपने परिवार के साथ दीपावली की खरीदारी की।

**पुलिस का ऑपरेशन ध्वस्तः** नशे के नेटवर्क पर तगड़ी चोट, 10 आरोपी गिरफ्तार

# 11 थानों की पुलिस की संयुक्त कार्रवाई आरोपियों से 18 लाख का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थों के नेटवर्क पर करारी चोट की है।

एसपी रोहित काशवानी के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के नेतृत्व में चलाए गए ऑपरेशन ध्वस्त के तहत सिविल लाइन क्षेत्र में की गई इस संयुक्त कार्रवाई में 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान पुलिस ने ब्राउन शुगर, गांजा, अवैध शराब, हथियार और 14 लाख से अधिक नकदी सहित करीब 18 लाख का मशरूका बरामद किया है।

ऑपरेशन ध्वस्त के अंतर्गत देर रात से शुरू हुआ यह अभियान अगले दिन शाम तक लगातार चलता रहा। अभियान के दौरान सिविल लाइन क्षेत्र में पुलिस ने संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी। यातायात पुलिस द्वारा कोम्बिंग कट-अप प्वाइंट बनाए गए और नशे के अड्डों पर ताबड़तोड़ छापे मारे गए। इस संगठित कार्रवाई में 11 थानों की पुलिस टीमों, साइबर सेल और जिला विशेष शाखा की संयुक्त भागीदारी रही।



**विदिशा।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने ऑपरेशन ध्वस्त के दौरान मादक पदार्थों के साथ आरोपियों को धर दबोचा।

### सख्त कानूनी कार्रवाई

सभी 10 आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम व आर्म्स एक्ट** के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। आरोपियों में कुंदन, चांदनी, प्रकाश, छाया, शालनी, सुधीर उर्फ सिद्धु, गुड्डी बाई, काजल, बलराम और ज्योति शामिल हैं। इनमें से कुछ पर पहले भी कई आपराधिक प्रकरण दर्ज रह चुके हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सिविल लाइन आरके मिश्रा, थाना कोतवाली प्रभारी आनंद राज, रक्षित निरीक्षक भूर सिंह चौहान सहित 11 थानों के प्रभारी, 100 पुलिसकर्मी, साइबर सेल और जिला विशेष शाखा के अधिकारी शामिल रहे। एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ इसी तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। समाज को नशे से मुक्त करने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है।

### आरोपियों के पास से यह सामग्री जब्त हुई

सिविल लाइन पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में 1 लाख 30 हजार कीमत की 13 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई। वहीं 76 हजार कीमत का 6 किलो 100 ग्राम गांजा मिला। 76 हजार की 941 क्वार्टर, लगभग 170 लीटर देशी मदिरा जब्त की गई। वहीं 10 लीटर अवैध शराब सहित एक पिस्टल और 2 कारतूस व 1 तलवार भी कार्रवाई के दौरान जब्त की गई है।

### पहले से ही अवैध कामों में लिप्त थे कुछ आरोपी

पकड़े गए आरोपियों में कुछ पहले से ही लंबे समय से अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए गए हैं। थाने में इसके खिलाफ मामले दर्ज दर्ज हैं। पकड़े गए आरोपियों में से छाया पति प्रकाश कुचबंदिया पर एक प्रकरण, काजल पति कुंदन कुचबंदिया पर 2 प्रकरण सुधीर उर्फ सिद्धु पर 3 प्रकरण, ज्योति पति जितेन्द्र उर्फ जित्तू पर 8 प्रकरण और गुड्डी बाई प्रीतम पर 11 प्रकरण हैं। क्रिमनल रिकार्ड बताता है कि ये लंबे समय से नशे और अवैध कारोबार से जुड़े हुए थे।

# विदिशा में देश की सबसे बड़ी कुबेर प्रतिमा की हुई पूजा, 40 साल पहले बैस नदी से निकाली थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

धनतेरस पर देश की सबसे बड़ी प्रतिमा मानी जाने वाली कुबेर प्रतिमा का पूजन किया गया। विदिशा जिला संग्रहालय में रखी यह प्रतिमा कई सालों पहले बेस नदी के तट पर मिली थी। करीब चार दशक पहले जब बेस नदी का जलस्तर घटा, तब प्रतिमा का पूरा स्वरूप दिखाई दिया। इसके बाद पुरातत्व विभाग ने इसे सुरक्षित कर जिला संग्रहालय में स्थापित कर दिया।



### 17 सालों से हो रहा पूजन

पिछले 17 वर्षों से कांग्रेस नेता पंकज जैन, सुशील शर्मा और उनके साथी हर धनतेरस पर विशेष अनुमति लेकर इस प्रतिमा की पूजा करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी उन्होंने अपने साथियों के साथ भगवान कुबेर की विधिवत पूजा की। पूजा के दौरान दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पण और आरती की गई। श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर समृद्धि और सुख-शांति की कामना की। देशभर में कुबेर की ऊंची प्रतिमाएं 4 स्थानों पर ही मिली हैं, जिनमें विदिशा मप्र, भरतपुर राजस्थान, मथुरा उत्तरप्रदेश और पटना (बिहार) शामिल हैं। विदिशा की प्रतिमा सबसे ऊंची है।

### एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



**विदिशा।** मंदसौर के शासकीय महाविद्यालय में युवा महोत्सव में भाग लेने आई छात्राओं का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 4 छात्र नेताओं द्वारा कपड़े बदलते हुए वीडियो बनाया गया। इस घटना के विरोध में शुक्रवार को एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष पार्थ रघुवंशी एवं प्रदेश सचिव यश शर्मा के नेतृव में सिविल लाइन थाना में सीएसपी को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जिला सचिव रणजीत मालवीय, मनीष जाटव, राजवर्धन राजपूत , यशराज जादौन अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### युवक ने की आत्महत्या

**हरिभूमि न्यूज.विदिशा।** मोहनगिरी इलाके में संजू अहिरवार (27) नामक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना पुलिस चौकी के पास होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। प्रारंभिक जांच में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। संजू अविवाहित था और हलवाई का काम करता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, वह कुछ दिनों से परेशान चल रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भावांतर योजना में 59 हजार से अधिक किसानों का पंजीयन

**विदिशा।** सोयाबीन भावांतर भुगतान योजनांतर्गत विदिशा जिले में अब तक 59 हजार 413 किसानों ने पंजीयन कराया है। कृषि विभाग के उप संचालक केएस खपेडिया ने बताया कि सर्वाधिक पंजीयन बासौदा तहसील में 9 हजार 241 तथा न्यूनतम विदिशा शहरी क्षेत्र में 348 किसानों का हुआ है। शेष तहसीलों में औसतन 2 हजार से 6 हजार तक किसानों ने भागीदारी की है। यह योजना किसानों को उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।

## पायलेट वाहन की टक्कर से बुजुर्ग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शनिवार को रामद्वारा ओवरब्रिज के पास एक व्यक्ति सड़क हादसे में घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि हादसा पुलिस के पायलट वाहन से हुआ। जिसका वाहन नंबर एमपी 04 जेड ए 1725 बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही आसरा अपनों का संस्था के संस्थापक आदर्श तिवारी तुरंत अपनी निजी एम्बुलेंस के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार दिलवाते हुए एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसका उपचार कराया गया। आदर्श तिवारी ने न केवल समय पर सहायता पहुंचाई बल्कि घायल के परिजनों को भी घटना की सूचना दी। घायल का नाम नेमीचन्द्र शर्मा है और वह इमलिया के रहने वाले है विदिशा अपने किसी परिजन के यह जा रहे थे।



### मांगों को लेकर कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

**खामखेड़ा।** शमशाबाद विधानसभा के ब्लॉक खामखेड़ा में किसानों की समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व युवक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शिवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। जिसमें क्षेत्र के किसान, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित भाजपा सरकार पर हमला बोला। इस दौरान सिंचाई विहीन क्षेत्रों में नहरों के निर्माण व सुधार की मांग उठाई गई। इसके अलावा खेतों में 10 घंटे बिजली, सोयाबीन और धान को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद, खाद (यूरिया एवं डीएपी) की आपूर्ति और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने की मांग भी की गई। इस दौरान जिला प्रभारी एवं पूर्व मंत्री प्रभुसिंह ठाकुर, जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष विनीत दांगी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह राजपूत, राजेश दुबे और मलखान सिंह मीणा, राजा यादव ने सभा को संबोधित किया। वक्ताओं ने सरकार से आग्रह किया कि किसान हितों की रक्षा के लिए सभी मांगों का शीघ्र कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन में रमेश तिवारी, लाखन मीणा, अनुज यादव, असलम पटेल, लेखराज बघेल, यशपाल बघेल, गोविंद चौबे आदि मौजूद रहे।

## मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप गुर्जर चीन में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर चीन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वे 19 से 26 अक्टूबर तक बीजिंग और श्यामेन शहरों में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में भाग लेंगे। इस सेमिनार में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सेमिनार का विषय सतत विकास और ट्रेड यूनियनों की भूमिका निर्धारित किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य श्रमिक संगठनों के बीच सहयोग को मजबूत करना और वैश्विक चुनौतियों जैसे तकनीकी परिवर्तन और औद्योगिक बदलाव में ट्रेड यूनियनों की भूमिका को सशक्त बनाना है। श्री गुर्जर का चयन न केवल भारतीय मजदूर संघ की वैश्विक प्रतिष्ठा को दर्शाता है, बल्कि भारत की श्रमिक नीतियों और संघ के दृष्टिकोण को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने का अवसर भी प्रदान करेगा। श्री गुर्जर पूर्व में भी अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की विभिन्न परियोजनाओं में भारतीय मजदूर संघ का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

**सुबह से लेकर देर रात तक खुलीं दुकानें , व्यापारियों को नहीं मिली फुर्सत**


# लक्ष्मीपूजन की तैयारी में बाजारों में उमड़ी महिलाओं की भीड़ सजावटी सामान और पूजन सामग्री की हुई जमकर खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आगामी लक्ष्मीपूजन पर्व को लेकर शनिवार को शहर के बाजारों में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही बाजारों में रौनक देखने को मिली।

लक्ष्मीजी की प्रतिमाएं, गणेशजी की मूर्तियां, पूजन सामग्री, दीपक, माती के दीये, कलश, तोरण, बत्ती, अगरबत्ती, पुष्पमाला, झिलमिल लाइटिंग और सजावटी सामान की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ लगी रही। महिलाओं ने पारंपरिक और आधुनिक दोनों तरह के पूजा-सामान की जमकर खरीदारी की। माधवगंज, निकास, बस स्टैंड और गांधी चौक सहित प्रमुख बाजारों में पैर रखने तक की जगह नहीं रही। फुल बाजार में भी खूब रौनक रही, जहां गेंदा और कमल के फूलों की अधिक मांग रही। दुकानदारों के चेहरों पर भी खुशी झलक रही थी क्योंकि बिक्री सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना बढ़ गई। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा। लक्ष्मीपूजन से पहले की यह खरीदारी शहर में उत्सव का माहौल लेकर आई, जिससे बाजार में दीपावली की खुशबू पहले ही घुल गई।





शुद्धता के साथ फैन्सी डिजाइनों में सोने-चॉंदी के



आभूषणों की विशाल श्रृंखला आइये-पधारिये
स्वाती ज्वेलर्स छोटा बाजार बरेली
सोने-चॉंदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
राशियो के सभी रत्न एवं चॉंदी के वर्तन भी उपलब्ध
सभी को दीपावली एवं भाई दूज की हार्दिक बधाई
(स्व. मोहनलाल सोनी), अमित सोनी नयागांव वाले
मोबा. 9893207944, 9993732843, 8461914858



## अमावस्या की दो तिथि आने से छह दिन तक मनेगा पर्व, तैयारियां पूर्ण

# दीपोत्सव पर बन रहे कई शुभ संयोगः दिवाली पर खरीदी में दिखाएंगे उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

इस साल दीपावली के त्यौहार पर बनेंगे कई शुभ संयोग। पुष्य नक्षत्र के दीपावली से खरीदी का दूसरा महामूर्त शनिवार को धनतेरस पर हुआ। अमावस्या की दो तिथि आने से 6 दिन तक मनाया जाएगा दीपोत्सव का पर्व।

शनिवार से दीपोत्सव महापर्व की शुरूआत हुई शाम के समय घर दुकानों पर आरोग्य के देवता भगवान धनवंतरि की पूजन हुई घर दुकानों पर रंग बिरंगी बिजली की रोशनी की गई और दीप जलाकर धनतेरस की खुशियां मनाईं।



### सूर्य, मंगल, बुध का गोचर तुला राशि में होगा

ज्योतिर्विद आचार्य दामोदर व्यास, पंडित राजेश व्यास देवनगर ने बताया कि दीपावली पर्व पर हस्त नक्षत्र रहेगा। शास्त्र अनुसार यह शुभ नक्षत्र मना गया है। यह सभी के लिए शुभ रहेगा। सूर्य, मंगल, बुध का गोचर तुला राशि में रहेगा। कर्क राशि में गुरु का उच्च गोचर होने से हंस महापुरुष योग बन रहा है। बृहस्पति ग्रह से बनने वाला एक अत्यंत शुभ राजयोग है। यह तब बनता है जब बृहस्पति कुंडली के केंद्र भावों पहला, चौथा, सातवां या दसवां भाव में अपनी उच्च राशि कर्क, मूल त्रिकोण राशि, या स्वराशि धनु या मीन में स्थित हो। जो एक बहुत ही शुभ योग है। बुद्धि, संचार, वाणी और तर्कशक्ति को बढ़ाता है।कन्या राशि में शुक्र चंद्र की युति से आपसी रिश्तों में प्रेम ,मानसिक शांति और सुख की वृद्धि करेगा। सभी राशि के जातकों के लिए दीप पर्व सुख और वैभव से पूर्ण होगा। इस साल दीपावली उत्सव पांच दिनों का नहीं होगा। बल्कि दीप उत्सव से छह दिनों तक उमंग उत्साह धूमधाम से मनाया जाएगा। छह दिवसीय उत्सव की शुरूआत 18 अक्टूबर शनिवार की तारीख को धनतेरस से होगी। अमावस्या की दो तिथि होने के कारण छह दिनी दीप उत्सव मनाया जाएगा। एक दिन पूर्व ही अमावस्या तिथि प्रदोष काल में आ गई है। शास्त्र के अनुसार महालक्ष्मी पूजन प्रदोष कालीन अमावस्या को ही पूजन होता है। यह तिथि 20 अक्टूबर दोपहर 3.44 को प्रारंभ होगी। अन्नकूट पर्व उदया तिथि मनाया जाता है। बाजार में दिपावली पर मिठाई की दुकाने भी सजाई जाएंगी इसके अलावा देशी दीये पूजन सामंग्री लक्ष्मी जी की प्रतीमा फूलों की दुकानें के अतिरिक्त घर दुकानो की सामग्री पशुओं के मोरपंख कंठी रंगरोगन की दुकाने भी सजाई जाएंगी।

### धूमधाम से मानया जाएगा छह दिनी उत्सव

*इस बार दीपावली के एक दिन बाद गोवर्धन पूजन अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा। 2 दिन बाद भाई दूज मनाई जाएगी यम द्वितीया पर्व भी इसी रोज मनाया जाएगा। 6 दिन तक उत्सव मनाया जाएगा।इसमें 20 अक्टूबर सोमवार को प्रदोष काल के शुभ मुहूर्त में ऐश्वर्या एवं धन की देवी महालक्ष्मी की पूजन होगी। 21 अक्टूबर मंगलवार को अमावस्या पर स्नान और दान के लिए मनाई जाएगी। वहीं 19 अक्टूबर रविवार को रूप चौदस अर्थात नरक चौदस पर्व मनाया जाएगा। 22 अक्टूबर बुधवार को 23 अक्टूबर को भाईदूज, यम द्वतीया पर्व मनाया जायेगा। पुष्य नक्षत्र के मुहूर्त के बाद दीपोत्सव पर वही शुभ संयोग में खरीदी के लिए महामुहूर्त धनतेरस पर्व पर रहा। प्रदोष काल में अमावस्या पर धन एवं ऐश्वर्य की देवी माता महालक्ष्मी की पूजन पूरे विधि विधान से की जाएगी।*

### दशहरे मैदान में लगा पटाखा बाजारः खरीदी शुरू

*शहर के दशहरा मैदान में पटाखा बाजार लगाया गया है। बुधवार को राजस्व विभाग ने दुकानों के लिए लेआउट तैयार किया। तहसीलदार भरत सिंह मांडले के अनुसार, लगभग 90 पटाखों की दुकानें तैयार की गई । बुधवार तक 77 व्यापारियों को लाइसेंस जारी किए जा चुके थे। गुरुवार को तहसील कार्यालय में इन दुकानों की नीलामी की गई। तहसीलदार भरत सिंह मांडले ने बताया कि पटाखा बाजार में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।*


*व्यापारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी दुकानों में कपड़े की जगह चादर का इस्तेमाल करें। साथ ही, दुकानों में रेत से भरी बाल्टियां और अग्निशमन यंत्र रखने को भी कहा गया है। नगर पालिका को पटाखा बाजार के पास 24 घंटे फायर ब्रिगेड तैनात रखने के निर्देश दिए गए हैं।*

***दुकानों के बीच 50 फीट का गैप....***

*दशहरा मैदान में दुकानें दो पंक्तियों में लगाई गईं हैं।, जिनके बीच 50 फीट का गैप रखा गया है। प्रत्येक दुकान के बीच 5 फीट का अंतर रखा गया है।*

## वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू

# धान के खेत में अचानक दिखा मगरमच्छ, ग्रामीणों में दहशत



**सिलवानी।** सिलवानी तहसील के ग्राम मडिया देवरी में शुक्रवार-शनिवार की रात उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक किसान के धान के खेत में मगरमच्छ दिखाई दिया। यह दृश्य देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण खेत के आसपास इकट्ठा हो गए। मगरमच्छ को देखने की जिज्ञासा और भय का मिलाजुला माहौल पूरे गांव में फैल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मडिया देवरी निवासी किसान बलीराम रजक अपने खेत की रखवाली करने गए थे। तभी उन्हें खेत में कुछ अजीब हलचल नजर आई। पास जाकर देखने पर उन्होंने एक करीब 6 फीट लंबा मगरमच्छ देखा।

उन्होंने तुरंत इसकी सूचना गांव के अन्य लोगों और फिर वन विभाग के अफसरों को दी। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी आदर्श मिश्रा के निर्देशन में वन विभाग की टीम मौके पर रवाना हुई। रात का समय होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन चुनौतीपूर्ण था। लेकिन वन अमले की टीम ने बड़ी-बड़ी सर्च लाइटों की मदद से पूरी सतर्कता के साथ मगरमच्छ को खोजा और सुरक्षित तरीके से पकड़ा। करीब दो घंटे की मेहनत और मशक्कत के बाद वन विभाग ने मगरमच्छ को अपने कब्जे में ले लिया।

### तेंदोनी नदी में छोड़ा मगरमच्छ

बाद में उसे सुरक्षित रूप से तेंदोनी नदी में छोड़ दिया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी आदर्श मिश्रा ने बताया कि यह मगरमच्छ संभवत पास बहने वाली नदी या किसी जल स्त्रोत से खेतों की ओर भटक कर आ गया होगा। अच्छी बात यह रही कि किसी व्यक्ति या पशु को कोई जनहानि नहीं पहुंची।

## खबर संक्षेप

### शा. कार्यालयों में पहुंचे सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र

**बरेली।** दीपावली पूर्व सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहिनों ने एसडीएम कार्यालय, विधुत मंडल कार्यालय, सेन्ट्रल बैंक, नगर परिषद कार्यालय, सिविल अस्पताल सहित अन्य कार्यालयों में दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए अपने हाथों से तैयार किए दीपक एवं ग्रीटिंग कार्ड भेंट किए। पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं स्वदेशी वस्तुओं को अपने दैनिक जीवन में उपयोग करने का संदेश दिया गया।



### खिलाड़ी मेघा लावरिया ने जीते दो रजत पदक

**रायसेन।** जिले के सांची ब्लॉक के ग्राम सूखा करार की खिलाड़ी कु. मेघा लावरिया ने भारतीय खेल प्राधिकरण एलेप्पी(केरल) में 12 से 16 अक्टूबर 2025 तक आयोजित आल इंडिया रोइंग चैम्पियनशिप में चौथे एंव आठवे इवेंट में 2 रजत पदक जीतकर , रायसेन एंव मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया है। इनको मिली अपार सफलता के लिए विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, मुदित शेजवार,कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा,जलज चतुर्वेदी आदि ने बधाई दी है।



# दीपावली त्यौहार से पूर्व अचानक बदला मौसम, आसमान में छाए बारिश के बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

दीपावली पूर्व धनतेरस के दिन शनिवार को दोपहर बाद अचानक मौसम बदल गया, आसमान में घने काले बादल छाने से दिन की रोशनी कम और सूरज की किरणें गायब हो गई।

जिस प्रकार बारिश का मौसम बना है, उससे क्षेत्र में हजारों किसान धान की फसलों को लेकर चिन्ताग्रस्त हो उठे है। तेज हवा चली और बारिश हुई तो धान की फसलें खेतों में आड़ी होने से किसानों को आर्थिक नुकसान हो सकता है। दीपावली के त्योहार की खुशियों के बीच बदला मौसम किसानों में चिन्ता का कारण बन रहा है।



### धान फसल पककर तैयार

संपूर्ण क्षेत्र में दीपावली बाद धान की कटाई शुरू होगी। धीरे-धीरे धान की फसलें रंग बदल रही है। धान की बालियों में बने दाने के कारण बासमती धान की खुश्बू भी हवाओं में घुल रही है। बालियों में दाना पड जाने से बालियों में वजन आ गया है।

तेज हवाएं चलती है, बारिश होती है तो धान की बालियों में पानी भर जाने से हवा के जोर से धान की तना कमजोर होने के कारण धान की फसलें खेतों में आड़ी हो जाती है। आडी हुई धान फसल की कटाई कठिन होती है। बालियां टूट जाती है, वही आडी हुई फसल का दाना सही ढंग से न पकने के कारण कमजोर छोटा रहने से वजन कम होता है। आड़ी धान फसल का प्रति एकड़ उत्पादन कम होने से किसानों को सीधा नुकसान उठाना पड़ता है।

### चिंता में पड़े किसान

जून से लेकर अक्टूबर तक प्रतिमाह बारिश हुई। पिछले कुछ दिनों से मौसम साफ और सूरज तपने से धान की फसलें पकने की स्थिति में पहुंच रही थी। जिस प्रकार अचानक मौसम बदला उससे क्षेत्र के हजारों किसानों की दिलों की धकडने बढ़ गई है।

# बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को जुर्माना सहित 20 साल की कैद

## 5 हजार का जुर्माना, पिता ने ही अपनी सगी बेटी के साथ किया था दुराचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

समाज में रिश्ते तार तार कलंकित आए दिन हो रहे हैं। इसका ताजा मामला हाल ही में सामने आया है। रायसेन जिले की अदालत ने अपनी बेटी के साथ दुष्कर्म करने वाले पिता अजय अहिरवार (48) को 20 साल जेल और 5 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। आरोपी रायसेन शहर के वार्ड 9 तालाब मोहल्ला का निवासी है।

मामला 5 नवंबर 2024 को रायसेन जिला अस्पताल में सामने आया। पीड़िता ने बताया कि उसकी मां चार साल पहले चली गई थी और वह पिता के साथ किराए के कमरे में रहती थी। उसने कहा कि पिछले दो साल से उसके पिता ने उसके साथ गलत हरकतें कीं। लेकिन उसने इसका विरोध किया।

### पिता ही निकला आरोपी

एक रात पीड़िता को पेट में दर्द हुआ और उसने पिता को बताया। इसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जांच में पता चला कि वह गर्भवती है और अस्पताल में ही उसने बच्चे को जन्म दिया। डीएनए जांच में साबित हुआ कि दुष्कर्म का आरोपी बच्ची का पिता ही है। पुलिस ने जांच पूरी कर अदालत में केस दर्ज किया।



जिला अदालत ने पुलिस और अस्पताल के सबूतों के आधार पर आरोपी को दोषी पाया। अदालत के मजिस्ट्रेट ने कहा कि जब अपने ही पिता की जिम्मेदारी निभाने वाला अपराध करे, तो पीड़ित क्या कर सकता है। इसी आधार पर आरोपी को जेल और जुर्माने की सजा सुनाई गई।

# 15 गांवों के किसान आवागमन के लिए हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

क्षेत्र की अधिकांश सडक़ों की हालत बद से बदतर बनी हुई है। सबसे अधिक परेशान कामतोन से मेहरागांव कलां सडक़ से जुडे ग्रामों के किसानों, ग्रामीणों को यातायात की परेशानियां झेलना पड़ रही है।

महिनों पूर्व ठेकेदार द्वारा कामतोन से मेहरागांव प्रधानमंत्री डामर सडक़ को बनानें के स्थान पर पूर्व से बनी डामर की सडक़ को जेसीबी मशीन से उखाड़ दिए जाने से उक्त सडक़ से जुडे एक दर्जन से अधिक ग्रामों के ग्रामीण किसान महिनों से परेशान हो रहे है। दो पहिया वाहनों, ट्रेक्टर ट्रालियों में टूटफूट होने से आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।



### ठेकेदार की लापरवाही भुगत रहे किसान ग्रामीण

*कामतोन से मेहरागांव कलां प्रधानमंत्री सडक से लगभग 15 ग्राम जुडे हुए है। उदयगिरी, पांजरा काशीराम, सेमरी, सेनकुंआ, पपलई, गुलवाडा, सिनवाह प्रमुख बडे ग्रामों के साथ छोटे-छोटे ग्रामों से आने जाने का प्रमुख मार्ग है। लगभग 4 कि.मी. डामर की प्रधानमंत्री सडक को ठेकेदार द्वारा बारिश से पूर्व उखाड़ देने के कारण पूरे वर्षा काल के दौरान ग्रामीण, किसान वाहन चालक भारी परेशानियां झेलते रहे। ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन डामर सडक निर्माण की उच्च स्तरीय जांच की मांग किसानों ग्रामीणों द्वारा की जा रही है। महिनों से उखड़ी पडी प्रधानमंत्री सडक का तत्काल गुणवत्तापूर्ण निर्माण किया जाए।*

### बापौली धाम पहुंचना कठिन

प्रधानमंत्री सडक़ से ही सेमरी होते हुए बापौली धाम पहुंचने का मार्ग है। बापौली धाम मार्ग पर गड्ढों की भरमार, बारिश में सडक़ क्षतिग्रस्त हो जाने और पुलिया बह जाने से ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं को जोखिम भरी स्थिति में सफर कर बापौली धाम आना जाना पड़ता है। प्रतिदिन सेकडों की संख्या में श्रद्धालु बापौली धाम जाते है।

ठेकेदार द्वारा महिनों पूर्व डामर की प्रधानमंत्री सडक़ को उखाड दिया गया। वर्षाकाल में ग्रामीण भारी परेशान बने रहे, प्रधानमंत्री डामर सडक़ का गुणवत्तापूर्ण निर्माण शीघ्र किया जाना जरूरी है।

## चरोखर भूमि पर दबंगों ने किया अतिक्रमण, गायों को आवारा छोड़ा सड़कों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

केमवाली गांव के मोड़ पर 9 गायों की मौत से सड़कें हुई लाल, जिम्मेदार कौनबाड़ी। बाड़ी तहसील क्षेत्र में चरोखर की भूमि दबंग के कब्जे में हैं ।जिसमें दबंग किसान खेती कर कमाई कर रहे हैं।एक जमाना था जब गांव की गुठान में मवेशी एकत्रित होते थे। इसके बाद घरों से जंगल की जमीनों पर और चरवाहे चरोखर की जमीनों पर घास चरने के लिए जाते थे। लेकिन दबंग किसानों द्वारा जंगल, राजस्व विभाग की भूमि और चरोखर की जमीन पर अतिक्रमण की वजह से चरोखर की भूमि का रकबा आहिस्ता-आहिस्ता घटता गया। नतीजातन गौ माता सहित गौवंश सड़कों पर बैठने के लिए मजबूर हैं। जिम्मेदार अधिकारी भी इस तरफ गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहे हैं। हालांकि गौशालाएं तो बनी है लेकिन फिर भी गौवंश सड़कों पर विचरण करने के लिए मजबूर हैं। जनपद पंचायत बाड़ी की ग्राम पंचायत डुंगरिया टोला के ग्राम केमवाली के नजदीक हाईवे पर एक ट्रक ने 9 गायों को बुरी तरह से कुचल दिया। जिससे हाइवे की सड़के लाल हो गई थी।

## अपनी उपज बेचने के लिए मंडी में परेशान होंगे अन्नदाता

# आज से सात दिन बंद रहेगी शहर की गल्ला मंडी

### ◆ अब 24 अक्टूबर को खुलेगी शहर की मंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कृषि उपज मंडी में 17 अक्टूबर से सात दिवसीय दीपावली अवकाश रहेगा। खरीफ सीजन की फसलों की बंपर आवक के बीच सप्ताहभर तक मंडी बंद रहने से किसानों की परेशानी और भी ज्यादा बढ़ जाएगी। इसके लिए कृषि उपज मंडी समिति रायसेन ने विधिवत सूचना जारी कर दी है।

रायसेन कृषि उपज मंडी के प्रभारी सचिव व्हीके ठाकुर ने बताया कि, दीपोत्सव का अवकाश 17 से 23 अक्टूबर तक रहेगा। अब सीधे 24 अक्टूबर को दीपावली के त्योहार के बाद अगले शुक्रवार को ही मंडी में कामकाज शुरू होगा। मंडी सचिव ठाकुर के अनुसार, इस दौरान कोई भी किसान उपज लेकर बेचने न आए। ताकि वे अनावश्यक होने वाली परेशानी से बच सके। इसके लिए गुरुवार को मंडी में मुनादी करा दी गई है और किसानों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भी उन्हें सूचना देकर अवगत करा दिया है। मंडी में एक सप्ताह तक सन्नाटा पसरा रहेगा व्यापारियों का कारोबार भी थम जाएगा। किसानों ऐसा कहना है कि सीजन के समय शासन प्रशासन को अवकाश कम करना चाहिए



### मंडी में लगातार अवकाश से किसानों को होगी परेशानी

कृषि उपज मंडी समिति में व्यापारी एसोसिएशन और हम्माल यूनियन के काम नहीं करने का हवाला देकर आएदिन अवकाश रख दिया जाता है। ऐसे में पीक सीजन में कई दिनों तक मंडी बंद रहने से किसानों को उपज बेचने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। हाल में बीती 10 अक्टूबर को करवा चौथ का अवकाश रखा गया था। इसके बाद 12 अक्टूबर को माह का दूसरा रविवार होने और 13 अक्टूबर सोमवार को साप्ताहिक अवकाश के नाम पर मंडी में कामकाज बंद रखा गया। ऐसे में किसानों को परेशान होना पड़ा था।अब फिर से सात दिन तक मंडी बंद होने से किसानों के सामने उपज बेचने का संकट खड़े होने जैसे हालात निर्मित होंगे।

### काम नहीं करते हम्माल

मैं खुद नहीं चाहता कि, सीजन के समय किसानों को उपज बेचने के लिए परेशान होना पड़ा। हमने इसके लिए व्यापारियों व हम्मालों से भी बात की है, लेकिन वे काम ना करने का हवाला देकर अनाज की नीलामी की बात ना कह कर मंडी सचिव को भी मजबूर कर देते हैं।

**व्ही के ठाकुर मंडी** सचिव रायसेन

# धनतेरस पर्व पर बाजारों में खरीदी करने उमड़ी भारी भीड़

## बर्तन, झाड़ू, जेवर, वाहन खरीदने रहा भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

धनतेरस से दीपोत्सव का त्योहार शुरू हो गया है, पिछले दिनों पुष्य नक्षत्र में लोगों द्वारा जमकर खरीददारी की गई। धनतेरस पर प्रत्येक सनातनी परिवार द्वारा कुछ न कुछ वस्तुओं की खरीददारी करनें की परंपरा है। मुख्य सडक़ के किनारें, लक्ष्मी जी की प्रतिमाएं, झाड़ू, बर्तन, सजावट की सामग्री बैंचने भारी संख्या में दुकानें लगी रही।

स्थानीय एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों द्वारा अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार जमकर जरूरी उपयोगी वस्तुओं की खरीददारी से बाजारों में भारी रौनक और भीड़ का नजारा बना रहा।




### वाहनों की जमकर बिक्री

केन्द्र सरकार द्वारा जब से वाहनों पर जीएसटी दर कम की है, वाहनों को खरीदनें वालों, पुरानें वाहनों को बदलनें की होड़ सी लग गई है। हीरों बाइक के शोरूम सूर्योदय मोटर्स से प्रतिदिन भारी संख्या में मनपसंद बाइक खरीदनें भीड़ लग रही है। वही किसान अपने मनपसंद ट्रेक्टर खरीदनें सक्रिय बने हुए है। महिन्द्रा ट्रेक्टर के मेकलसुता ट्रेक्टर शोरूम एवं आयशर ट्रेक्टर के आदित्य ट्रेक्टर्स उदयपुरा रोड़ पर किसानों को ट्रेक्टर खरीदनें, ट्रेक्टरों को बदलनें और जीएसटी छूट का लाभ उठानें किसान पहुंच रहे है।